# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।

पत्रांक 3712 / कार्य-25 / 91 दिनांक 18-5-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'पैकोली गांव में सामुदायिक शौचालय बंदः जल जीवन मिशन की टंकी में पानी नहीः पंचायत भवन में नही आते सचिव'** में इस खण्ड से सम्बन्धित खबर 'जल जीवन मिशन की टंकी में पानी नहीं' के संदर्भ में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पैकोली पेयजल योजना, विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में योजनान्तर्गत पाइप लाइन— 95 प्रति0, शिरोपरि जलाशय—90 प्रति0, पम्प हाउस—95 प्रति0, बाउण्ड्रीवाल—100 प्रति0 एवं 490 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजनान्तर्गत डी0आई0 ज्वाइंटिंग का कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा पेयजल योजनाओं को दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अन्दर समस्त योजनाओं के कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4— जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5— मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6— जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7— श्री पियूष शुक्ला, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8— सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

# पैकौली गांव में सामुदायिक शौचालय बंद: जल जीवन मिशन की टंकी में पानी नहीं; पंचायत भवन में नहीं आते सचिव

कृष्ण मोहन सिंह | त्रिवेदीगंज (हैदरगढ़), बाराबंकी
2 दिन पहले




कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण।

वीडियो
और देखें

बाराबंकी के त्रिवेदीगंज स्थित पैकौली गांव के ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रियंका सिंह को एक शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने सामुदायिक शौचालय सहित कई विकास कार्यों में अनियमितताओं और समस्याओं के निस्तारण की मांग की है।

शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' अभियान के तहत बनाए गए सामुदायिक शौचालय केवल शो-पीस बनकर रह गए हैं। अधिकांश शौचालयों पर ताला लगा रहता है, जिसके कारण ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों, जिनमें परमेश्वर, हरिनाम, रामनरेश, सोहनलाल गौतम और रामनरेश धीमान शामिल हैं, ने आरोप लगाया कि शौचालय बनने के बाद से शायद ही कभी खुले हैं, जबकि इनके रखरखाव और साफ-सफाई पर हर महीने लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने सरकारी धन के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- आज उधार दिया पैसा या कोई पेमेंट मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। आप किसी विशेष मुकाम को

Scanned with OKEN Scanner

Download App from

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Follow us on

परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अन्य समस्याओं में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी का भी जिक्र किया गया है, जिसमें अभी तक नलों में पानी नहीं आया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत भवन में कोई बैठक नहीं होती और ग्राम सचिव सुबोध कुमार भी वहां नहीं जाते हैं। इसके अतिरिक्त, विद्यालय में खेलकूद का कोई सामान उपलब्ध नहीं है।

खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap |
Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy |
Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

## खबरें और भी हैं...

त्रिवेदीगंज ब्लॉक में वाटर कूलर खराब: भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल को तरस रहे



त्रिवेदीगंज (हैदरगढ़) ›

बिंदौरा में ऑटो की टक्कर से बुजुर्ग की मौत: गोंडा-बहराइच मार्ग पर हादसा, परिवार मे कोहराम



बाराबंकी ›

यूपी में ग्राम प्रधानों ने उठाई कार्यकाल बढ़ाने की मांग: बाराबंकी में प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात, राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने दिया आश्वासन



बाराबंकी ›

जमीन कमीशन विवाद में आलम की हत्या: पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, जुर्म कबूल किया



बाराबंकी ›

मंत्री सतीश शर्मा ई-ऑटो से निरीक्षण पर निकले: कहा- आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, ईंधन बचाना जरूरी



बाराबंकी ›

बाराबंकी में चौकीदार के घर चोरी: छत के रास्ते घरों में घुसे, दो मकानों से लाखों का सामान और नकदी गायब



बाराबंकी ›

Scanned with OKEN Scanner